Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a maal siding (interchange) station of Eastern Dedicated Freights corridor at Meerut.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय, अध्यक्ष महोदय ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हल्दिया से लुधियाना तक उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर मेरठ से होकर जा रहा है। निश्चित ही यह कॉरिडोर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परंतु मुझे ज्ञात हुआ है कि मेरठ में माल उतारने, चढ़ाने के लिए इस कॉरीडोर के किसी भी स्टेशन साइडिंग का प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

महोदय, मेरठ औद्योगिक एवं आर्थिक दृष्टि से देश का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र है।

मेरठ में विभिन्न उत्पादों से संबंधित लगभग 20 हजार छोटी-बड़ी इकाइयां कार्यरत हैं। यहां से पूरे देश तथा विदेश में स्पोर्ट्स गुड्स, हैण्डलूम, कागज, कैंची, चीनी और आलू आदि की आपूर्ति एवं निर्यात किया जाता है। इसके अतिरिक्त उद्योगों की जरूरत की पूर्ति हेतू कच्चे एवं निर्मित माल का विभिन्न देशों से यहां आयात भी किया जाता है। वर्तमान में मेरठ शहर छ: नेशनल हाईवे तथा दो एक्सप्रेस वे के माध्यम से अन्य औद्योगिक शहर जैसे मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, शामली, हापुड़, बुलंदशहर एवं नोएडा से जुड़ा हुआ है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरठ शहर का औद्योगिक महत्व तथा कनेक्टिविटी को देखते हुए ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का मेरठ में एक स्टेशन, माल साइडिंग बनाने की कृपा करें। आपने बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा,

श्री मलूक नागर और

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।